आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 27.04.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार से चारधाम यात्रा के दौरान एलपीजी आपूर्ति को शत–प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध किया।
- आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने देहरादून में आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का दौरा किया। वित्तीय जागरूकता और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।
- पौड़ी जिले के प्रभारी मंत्री मदन कौशिक की अध्यक्षता में हुई जिला योजना की बैठक में प्रस्तावित लगभग 120 करोड़ रुपए के परिव्यय पर विस्तार से चर्चा की गई।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए व्यापक तंत्र तैयार करते हुए शीघ्र कार्ययोजना प्रस्तुत करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री अनुरोध

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात कर उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों और आपदाजन्य संवेदनशीलता के दृष्टिगत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के निर्बाध, सुरक्षित और सुचारू संचालन के लिए व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को पहले की तरह शत–प्रतिशत बनाए रखने का केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अवगत कराया कि प्रदेश में अप्रैल से नवम्बर तक संचालित होने वाली चारधाम यात्रा के दौरान व्यावसायिक एलपीजी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इस अवधि में राज्य को लगभग 9 लाख 67 हजार 949 व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि मानसून में राज्य के पर्वतीय भू–भाग और दुर्गम परिस्थितियों के कारण आपदा प्रबंधन व राहत कार्यों में एलपीजी गैस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। इस परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने व्यावसायिक सिलेंडरों का अतिरिक्त पांच प्रतिशत यानी लगभग 48 हजार 397 सिलेंडर आवंटन सुनिश्चित किए जाने का आग्रह किया, ताकि राहत और बचाव कार्यों का प्रभावी त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा, राज्य की आस्था, सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख आधार है। उन्होंने प्रदेश में घरेलू गैस की आपूर्ति भी सुचारू रखने का अनुरोध किया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

आरबीआई गवर्नर

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज देहरादून जिले के भोपालपानी, बडासी और सोडा–सरौली ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर ज़ोर देते हुए नागरिकों को सशक्त बनाने की बात कही। साथ ही वित्तीय जागरूकता, समृद्धि और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने, केंद्र सरकार की विभिन्न पेंशन तथा बीमा संबंधित सामाजिक योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मल्होत्रा ने वित्तीय साक्षरता केंद्र– सीएफएल के अधिकारियों से समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में रहने वालों को शिक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया, ताकि वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही प्रतिभागियों से ऐसे शिविरों के दौरान प्राप्त वित्तीय जागरूकता को अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों और पड़ोसियों के साथ साझा करने का आग्रह किया। शिविर में बिजनेस कोरेस्पोंडेंट्स की ओर से बुनियादी बैंकिंग सुविधाओं सहित कई सेवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर स्थल पर सिक्के और नोट बदलने के लिए काउंटर भी लगाए गए थे।

जन आक्रोश रैली

राज्य विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र– "नारी सम्मान– लोकतंत्र में अधिकार" कल आहूत किया जा रहा है। सत्र को सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बीच, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विपक्षी दलों पर महिलाओं को आरक्षण के उनके अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। आज देहरादून में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के नेता लंबे समय से महिला आरक्षण में बाधा पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के समर्थन में कल देहरादून में 'आक्रोश मशाल रैली' निकाली जाएगी।

श्रीमती आर्या ने कहा कि भाजपा, आधी आबादी को लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण देने पर अडिग है।

जिला योजना पौड़ी

पौड़ी जिले के प्रभारी मंत्री मदन कौशिक की अध्यक्षता में आज विकासभवन सभागार में आयोजित बैठक में चालू वित्तीय वर्ष की जिला योजना के प्रस्तावित लगभग 120 करोड़ रुपए के परिव्यय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करते समय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करने के सभी विभागों को निर्देश दिए, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

बैठक के दौरान श्री कौशिक ने "पौड़ी प्रगति पोर्टल" का  शुभारंभ भी किया।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक तंत्र तैयार करते हुए शीघ्र कार्ययोजना प्रस्तुत करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्गों और जिलों के प्रवेश मार्गों पर ठोस अपशिष्ट के निस्तारण के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। आज सचिवालय में मुख्य सचिव ने स्वच्छ भारत मिशन, शहरी टू प्वाइंट की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां भी सीवेज उपचार संयंत्र लगाए गए हैं, उनसे उपचारित जल को आसपास के क्षेत्रों में ग़ैर पेयजल कार्यों में शत–प्रतिशत उपयोग में लाए जाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्य सचिव ने प्रदेश के भीतर सभी कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र और कचरे से ऊर्जा उत्पादन संयंत्र को शीघ्र तैयार कर संचालित किए जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि कूड़ा वाहनों में लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम को भी शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि घर–घर कूड़ा उठान कार्य की निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

प्रदर्शनी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बागेश्वर में आज कौशलम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस दौरान  जिले के 27 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 11 और 12 के चयनित छात्र–छात्राओं ने अपने नवाचार, उत्पाद और मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम समन्वयक दया सागर ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में कौशल विकास, नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना है।

कुलपति नियुक्त

राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रोफेसर शिवेन्द्र कुमार कश्यप को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर का कुलपति नियुक्त किया है। प्रोफेसर कश्यप को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा 70 वर्ष की आयु पूरी होने तक, या अगले आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर कश्यप वर्तमान में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं।

गंगा संरक्षण बैठक

चमोली जिले के मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने आज गंगा संरक्षण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए गंगा और उसकी सहायक नदियों में स्वच्छता को बनाए रखने को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका, पंचायतों और जिला पंचायत के अधिकारियों को नदियों के संरक्षण के लिए तय मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।